भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY

☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय
(प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)

हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

Office of the Registrar
(Press & Publicity Cell)

दिनांक : 11.07.2019

आईआईटी बीएचयू में इस सत्र से बढ़ीं बीटेक की 179 सीटें

वाराणसी | कार्यालय संवाददाता

आईआईटी बीएचयू में इस साल से बीटेक की 179 सीटें बढ़ा दी गई हैं। केंद्र सरकार ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए उनकी सीटें 17 फीसदी बढ़ाई हैं। यहां 10 प्रतिशत सवर्ण आरक्षण तथा आर्किटेक्चर विभाग में इसी सत्र से जुड़ी 20 सीटों को मिलाकर कुल 1346 सीटों पर प्रवेश लिया जाएगा। जो पिछले साल की 1167 सीटों से 179 सीट अधिक है। जेईई मेन्स क्वालीफाई करने वाले अभ्यर्थियों को रैंक के आधार पर आईआईटी बीएचयू एलॉट किया जाता है।

अवसर

- बीटेक में महिलाओं के लिए 17 फीसदी सीट रिजर्व
- सवर्ण आरक्षण का 10 फीसदी भी इसी साल से लागू

आईआईटी बीएचयू में अब प्रवेश की प्रक्रिया आरंभ होने वाली है। यहां 24 जुलाई को नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को हॉस्टल में रिपोर्ट करना है। 25 जुलाई से बीटेक के विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए पंजीकरण आरंभ होगा। बढ़ी हुई सीटों के लिए संस्थान ने पहले से ही तैयारी कर ली है। आईआईटी बीएचयू में महिलाओं के लिए एक छात्रावास बना है। इसबार से गांधी स्मृति महिला छात्रावास को ब्वायज हॉस्टल बना दिया गया है। नव प्रवेशियों को इस बार परियोजनाओं में भी काम करने का अवसर मिलेगा। क्योंकि यहां बीते छह माह में 30 से अधिक अनुसंधान परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं। इनमें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत रक्षा अनुसंधान कॉरीडोर परियोजना, रफ्तार योजना तथा स्टील अथॉरटी ऑफ इंडिया प्रमुख है। इसके अलावा राष्ट्रीय महत्व की तीन स्पार्क योजनाएं भी पास हुई हैं। विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक व अनुसंधान संबंधी कार्यक्रमों के लिए 13 राष्ट्रीय तथा पांच अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ शैक्षणिक सहमति बनी है।

आर्किटेक्चर का नया कोर्स आरंभ

आईआईटी बीएचयू में अब वास्तुकला की भी पढ़ाई इसी सत्र से आरंभ होगी। इसके लिए एक अलग विभाग भी बन गया है। अगले चार सालों में आर्किटेक्चर में सीटों की संख्या 100 कर दी जाएगी। साथ ही बीटेक इन आर्किटेक्चर एममटेक इन आर्किटेक्चर तथा बीटेक इन डिजाइनिंग की भी पढ़ाई होगी।

> आईआईटी बीएचयू शिक्षण प्रशिक्षण की नवीन विद्याओं से लैस हो रहा है। छात्रों के लिए पठन-पाठन की सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।
>
> **प्रो. सुनील मोहन,** चेयरमैन जेईई प्रवेश परीक्षा, आईआईटी बीएचयू

सेंचुरी इनोवेशन रिसर्च पार्कः आईआईटी बीएचयू के नव प्रवेशी छात्रों को सेंचुरी इनोवेशन रिसर्च पार्क की भी सुविधा मिलेगी। पांच साल में यहां करीब 230 करोड़ की लागत से चार नए केंद्र स्थापित होंगे। इनसे कौशल विकास में मदद मिलेगी।